

# सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन का संकल्प लेकर संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

रतलाम। रतलाम में आगामी त्योहारों का आयोजन पूर्ण सौहार्द, भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण रूप से होगा। इस संकल्प को लेकर रविवार शाम जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने त्योहारों उत्सव के आयोजन के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं से सदस्यों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी ने आयोजनों में पुलिस व्यवस्था तथा आवश्यक सतर्कता की जानकारी दी।

बैठक के प्रारंभ में अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य ने क्रमवार त्योहारों के आयोजन तथा उस दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में प्रशासनिक कार्रवाईयों की जानकारी दी। निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नगर निगम के दायित्व को पूर्ण करने के सम्बंध में सदस्यों को अवगत कराया गया। बैठक में एडिशनल एसपी श्री सुनील पाटीदार, एसडीएम श्री राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमाव", शहर काजी श्री अहमद अली, सीएसपी श्री हेमंत चौहान, थाना प्रभारी श्री किशोर पाटनवाला, तहसीलदार श्री गोपाल सोनी, सदस्य श्री तेजराम प्रजापति, श्री महेंद्र गादिया, श्री अशोक चौटाला, श्री प्रदीप उपाध्याय, श्री ओमप्रकाश त्रिवेदी, श्री विनोद मिश्रा मामा, श्री गोविंद काकानी, श्री मनोहर पोरवाल, श्री शैलेन्द्र डागा, श्री पवन सोमानी, श्री मकसूद काजी, श्री सलीम आरिफ, श्री फैयाज मंसूरी, श्री मोहम्मद यूनुस ताज, श्री बृजेश राठौर, श्री निजाम राही, श्री सुरेंद्र ललवानी आदि उपस्थित थे।

बैठक में आगामी होलिका दहन, धुलेंडी, छड़ी यात्राओं तथा अन्य आयोजनों पर की जाने वाली व्यवस्थाओं तथा विभिन्न अनुमतियों के संबंध में अवगत कराया गया। सफाई, विद्युत व्यवस्था, जलापूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था, एंबुलेंस, आपात चिकित्सा इत्यादि के लिए संबंधित विभागों को कलेक्टर द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने अनुरोध किया कि त्योहारों के उत्साह के साथ आयोजन में असावधानी नहीं रखें। कोई दुर्घटना नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी ने कहा कि विभिन्न त्योहारी आयोजनों में इस बात का ख्याल रखा जाए कि नदी-नालों पर कोई दुर्घटना नहीं हो। होलिका दहन स्थलों पर व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा समय सीमा में जायजा लिया जावे। दुर्घटनाओं से बचने के लिए सतर्कता बरती जाए। बैठक में सदस्यों द्वारा भी शहर में जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए। श्री मनोहर पोरवाल द्वारा प्रमुख रूप से जनहित के मुद्दों को रखा गया। उनके अलावा श्री गोविंद काकानी, श्री महेंद्र गादिया, श्री शैलेंद्र डागा, श्री अशोक चौटाला, श्री प्रदीप उपाध्याय, श्री मकसूद काजी, श्री सलीम आरिफ, श्री पवन सोमाँनी आदि ने भी जनहित के मुद्दों पर अपनी बात रखी।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम में इस दौरान शहर से जुड़े जनहित के मुद्दों पर बताया कि शहर के विभिन्न बाजारों में सड़कों के निर्माण हेतु टेंडर जारी कर दिए गए हैं। शहर में ट्राफिक व्यवस्था अपेक्षित नहीं है, इसमें सुधार के लिए अतिशीघ्र सुनियोजित प्रबंध किए जाने वाले हैं। डीजे तथा बैंड के संबंध में नियमानुसार व्यवस्था पर बताया कि समय सीमा के बाद डीजे संचालन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। परीक्षाओं के दृष्टिगत स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों का ख्याल रखा जाएगा। शहर एसडीएम श्री शुक्ला को निर्देशित किया कि मैरिज गार्डन का निरीक्षण करते हुए गंदगी फैलाने तथा रात्रि 10:00 बजे बाद डीजे चलाने के विरुद्ध कारवाई की जाए। बगैर अनुमति संचालन पर भी कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर ने कहा कि शहर में धरना प्रदर्शन के लिए एक स्थान नियत कर दिया जाएगा ताकि धरना प्रदर्शन गतिविधि से आम आदमी को दिक्कत नहीं आए। कलेक्टर ने स्वच्छ सर्वेक्षण की जानकारी देते हुए शहर को अच्छी रैंकिंग के लिए सभी नागरिकों से सहयोग प्राप्ति हेतु अनुरोध किया। निगमायुक्त श्री झारिया द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को हतोत्साहित करने के संबंध में सदस्यों से अनुरोध किया गया। [illegible] / मार्च

# स्वच्छ सर्वेक्षण : निगम ने भेजा आवेदन, सर्वे गुपचुप ही होगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई की परीक्षा यानी स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए नगर निगम ने आवेदन भेज दिया है। सोमवार को इसकी आखिरी तारीख थी। दिनभर जुटकर निगम अमले ने सारे जरूरी डॉक्यूमेंट स्वच्छ भारत मिशन पोर्टल पर अपलोड कर दिए हैं। अब कभी भी फाइनल सर्वे करने दिल्ली की टीम यहां पहुंच सकती है। इसका किसी को पता नहीं चलेगा क्योंकि मार्च अंत या अप्रैल में सर्वेक्षण पूरी तरह गुपचुप होगा। इस बार मुकाबला कठिन है क्योंकि सरकार ने 6000 अंक के सर्वेक्षण को 7500 अंकों का कर दिया है। इसके साथ ही पैरामीटर बढ़ा दिए हैं। अब निगम अफसर उन्हें पूरा करने के लिए भागदौड़ कर रहे हैं। 2021 में शहर को 42वीं रैंक मिली थी। उसके पहले 2020 में 49वीं रैंक आई थी। आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार इस बार टॉप शहरों में आने के लिए प्रत्येक फील्ड में अंक बढ़ाने की कोशिश में लगे हैं। शहरवासियों का साथ जुड़ना जरूरी है। वे घर बैठे फीडबैक देकर सर्वेक्षण में शामिल हो सकते हैं।

## जीएफसी व ओडीएफ डबल प्लस की लिंक ही नहीं आई

उधर सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण भाग प्रमाणीकरण को लेकर एसबीएम पोर्टल पर लिंक नहीं खुली है। निगम गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) स्टार रेटिंग व ओडीएफ डबल प्लस के लिए आवेदन नहीं कर पाया है। तीन सालों से निगम को ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट तो मिल रहा है। मुश्किल जीएफसी में है, दो साल से शहर को जीरो रेटिंग मिल रही है।

2-3-22

# कमिश्नर्स, कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस 12 मार्च को

इंदौर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कमिश्नर्स, कलेक्टर्स, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस 12 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से की जाएगी। वीसी में 20 जनवरी 2022 को प्रदत्त निर्देशों का पालन प्रतिवेदन, कानून व्यवस्था, माफिया के विरूद्ध कार्यवाही एवं महिला अपराध नियंत्रण की स्थिति की समीक्षा, कृषि के विविधीकरण एवं प्राकृतिक खेती को ब?ावा देने के विषय में रणनीति पर चर्चा, मनरेगा के कार्यों की समीक्षा, प्रधानमंत्री ग्राम स?क योजना के अन्तर्गत स?कों के निर्माण एवं संधारण कार्य की समीक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा, वन भूमि एवं राजस्व भूमि संबंधी विषयों की समीक्षा, एक जिला-एक उत्पाद योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा, बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की जायेगी। 2-3-22

# बिना सूचना ड्यूटी पर नहीं आए 9 सफाई मित्र

रतलाम | आयुक्त द्वारा कार्रवाई के बावजूद सफाई कर्मचारियों का मनमाना रवैया नहीं बदल रहा। मंगलवार को 9 कर्मचारी बिना सूचना और अनुमति के ड्यूटी से गैरहाजिर रहे। यह बात सुबह 6 बजे पर्यवेक्षकों की चेकिंग में पता चली। जानकारी मिलने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दे दिए हैं। इसमें जोन एक के जगदीश बेजू, पुष्पाबाई प्रहलाद, उमेश प्रहलाद, विजय शांतिलाल, विजय फूलचंद, अनिल अर्जुन, बादल दिलीप, जोन चार के जितेंद्र बेजूलाल, विशाल कुंवर, मुकेश दिनेश शामिल हैं। सभी को बर्खास्त करने का नोटिस भेजा है।

# खुले में गंदगी फेंकी, तीन व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम | डोर टू डोर कचरा वाहन चलने के बावजूद खुले में गंदगी फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को निगम अमले ने ऐसे ही तीन व्यक्तियों पर 1500 रुपए का जुर्माना लगाया। इसमें सैलाना बस स्टैण्ड क्षेत्र में युवराज ऑटो गैरेज और धर्मवीर ऑटो गैरेज पर 500 रुपए, पूनम ऑटो गैरेज पर 250 रुपए का स्पॉट फाइन किया। 2-3-22

## गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना

रतलाम। सैलाना बस स्टैंड क्षेत्र में खुले में गंदगी करने पर युवराज आटो गैरेज, धर्मवीर आटो गैरेज से 500-500 रुपये व पूनम आटो गैरेज से 250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी।

2-3-22

## न्यूज गैलरी

### नियम बदलने से रेरा में 50 प्रतिशत पंजीयन बढ़े

**भोपाल।** भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में पंजीयन की संख्या में वृद्धि हुई है। सरकार का दावा है कि नियमों में बदलाव के बाद से 50 प्रतिशत पंजीयन बढ़ गए हैं। डिंडौरी, झाबुआ, कटनी, आलीराजपुर, राजगढ़, बैतूल और शाजापुर जैसे छोटे शहरों से भी कालोनाइजर आवेदन कर रहे हैं। रेरा के सचिव नीरज दुबे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में 232 परियोजनाओं का पंजीयन हुआ था, जबकि 2021-22 में अभी तक 352 परियोजनाओं का पंजीयन किया जा चुका है। पंजीयन संख्या पिछले साल की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। यह स्थिति तब है जब वर्ष 2021-2022 में कोरोना की दूसरी एवं तीसरी लहर के कारण भी कार्यालयीन कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। -ब्यूरो

नईदुनिया 3/2



# पथ-विक्रेताओं के खाते में अब जल्द पहुँचेगी अनुदान राशि : मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह

**▸ नगरीय विकास एवं आवास विभाग और इण्डियन बैंक के साथ हुआ एमओयू**

भोपाल । नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में सोमवार को पीएम स्वनिधि योजना में पथ-विक्रेताओं के बैंक खाते में ब्याज अनुदान की राशि डीबीटी के माध्यम से तत्काल हस्तांतरित करने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा इंडियन बैंक के बीच एमओयू हुआ। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री मनीष सिंह, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव, अपर आयुक्त श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, इंडियन बैंक के फील्ड जनरल मैनेजर श्री मनोज कुमार दास एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इससे कागजी कार्यवाही कम होगी तथा हितग्राही के खाते में ब्याज अनुदान की राशि जल्द पहुँचेगी। योजना में पथ-विक्रेताओं को दिये जाने वाले 10 हजार रुपये के लोन में 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान केन्द्र सरकार द्वारा तथा शेष ब्याज राशि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। श्री सिंह ने बताया कि योजना में पर्याप्त राशि उपलब्ध है।

## 4.90 लाख शहरी पथ-विक्रेताओं को ऋण वितरित

योजना के प्रथम चरण में भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश को 4 लाख 5 हजार पथ-विक्रेताओं को ऋण देने का लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य को पूरा करने के साथ ही प्रदेश में अभी तक 4 लाख 90 हजार पथ-विक्रेताओं को ऋण वितरित किया जा चुका है।

7-3-22 स्वमत [illegible]

# अंकुर अभियान की शुरुआत में कलेक्टर ने पौधारोपण किया



रतलाम ● अंकुर अभियान के तहत जिले में पौधारोपण कार्य आज से आरंभ हुआ। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े , एसडीएम राजेश शुक्ला, उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया उपसंचालक उद्यानिकी पीएस कनेल तथा अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। 5 मार्च तक चलने वाले अभियान के तहत जिले के शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूलों, आंगनवाड़ी परिसरों तथा अन्य स्थानों पर खाली पड़ी भूमियों पर व्यापक पौधारोपण किया जाएगा। पौधारोपण को वायुदूत एप पर अपलोड भी किया जा रहा है।

2.3.22

समाचार

# 1 मार्च से 5 मार्च तक शासकीय अधिकारी पौधे लगाएँगे

रतलाम। आगामी 1 मार्च से 5 मार्च तक अंकुर अभियान के तहत जिले में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। यह पौधारोपण शासकीय अधिकारियों द्वारा अशासकीय कार्यालय परिसरों में कराया जाएगा। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी किया जा सकता है जिनमें घर, बगीचे या खाली भूमि चिन्हित करके उपयोगी वृक्षों का रोपण किया जा सकेगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने एक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित की, जहां सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े द्वारा अभियान की जानकारी देते हुए बताया गया कि पौधारोपण के साथ ही उसकी जानकारी वायु दूत अंकुर ऐप पर अपलोड करना होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वयं पौधारोपण करने के साथ-साथ अन्य 15 व्यक्तियों को भी पौधारोपण के लिए मोटिवेट करने के लिए निर्देशित किया। मौजूद अधीक्षण यंत्री विद्युत ने बताया कि उनके द्वारा 200 पौधे अधीक्षण यंत्री कार्यालय परिसर में लगा दिया गए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ियों, स्कूलों में भी पौधे लगाए जाएं। प्रत्येक शिक्षक एक-एक पौधा लगाएं और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ले। विभागवार अधिकारियों की संख्या अनुसार आकलन के तहत जिले में 70 हजार पौधारोपण का लक्ष्य बैठक में तय किया गया।



# चौबे, दशोत्तर व भारतीय सेवानिवृत्त

2-3-22

रतलाम ● नगर निगम लोक निर्माण शाखा के सहायक यंत्री राकेश कुमार चौबे, अरविन्द दशोत्तर व विकास शाखा के भृत्य कैलाश भारतीय की अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर निगम के फायर स्टेशन भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भावभीनी विदाई दी गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अपने उद्‌बोधन में श्री चौबे, श्री दशोत्तर व श्री भारतीय द्वारा अपने सेवाकाल में किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही तीनों का साफा बांधकर व शाल-श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, एम.के. जैन, पूर्व महापौर परिषद सदस्य एवं पार्षद प्रेम उपाध्याय, गोविन्द काकानी, वहीद शैरानी, सतीश भारतीय सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत किया।

7-8591

# जिले में अंकुर अभियान की शुरुआत, प्रेरणा देने कलेक्टर खुद आए आगे



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

2-3-22

रतलाम. जिले में अंकुर अभियान की शुरुआत हो गई है। इसमे अधिकारियों सहित आमजन को पौधरोपण की प्रेरणा देने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम स्वयं आगे आए हैं। कलेक्टर ने पौधरोपण करते हुए आमजन से इस अभियान में जुड़ने की अपील की है।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, कृषि विभाग के उप संचालक विजय चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। आगामी 5 मार्च तक चलने वाले अभियान के तहत जिले के शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूलों, आंगनवाड़ी परिसरों तथा अन्य स्थानों पर खाली पड़ी भूमियों पर व्यापक पौधरोपण किया जाएगा। पौधरोपण को वायुदूत ऐप पर अपलोड भी किया जा रहा है।

**बिल पत्र, नीम, पीपल, अशोक लगाए-** श्री बड़ा शनि देव सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर गंगा सागर पानी की टंकी क्षेत्र में अंकुर अभियान के अंतर्गत बिल पत्र, नीम, पीपल, अशोक आदि के पौधा लगाए गए और वायुदूत एप पर लोड किये गये। मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, अभिषेक चौरसिया, संस्था सचिव शैलेंद्र सिंह सिसोदिया, संयुक्त सचिव जयस बैरागी, कमलेश जोशी आदि उपस्थित रहे।

# पांच दिनी अंकुर अभियान शुरू, शहर में एक हजार पौधे लगाएंगे

## पहले दिन 425 पौधे लगाए, 5 दिन चलेगा अभियान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1 मार्च को अंकुर अभियान शुरू हुआ। 5 मार्च तक चलने वाले अभियान में शहर में 1000 पौध रोपण का लक्ष्य रखा है। पहले दिन नगर निगम ने 425 पौधे लगाए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम पौधा रोपकर अभियान का श्रीगणेश किया। उनके साथ अन्य अधिकारियों ने पौधों का रोपण किया। वहीं, आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अमले के साथ पहले दिन श्री कालिका माता, अमृत सागर, हनुमान ताल, गुलाब चक्कर उद्यान सहित अन्य उद्यानों में शीशम, केशिया, गुड़हल, नीम, करंज, अमलतास, कनेर आदि प्रजातियों के 425 पौधे लगाए। आयुक्त झारिया ने बताया अभियान के तहत सिटी के 101 गार्डन चयनित किए हैं। प्रत्येक में 10 पौधे लगाए जाएंगे। शैलेंद्र डागा, भगतसिंह भदौरिया, मनीषा शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, अदिति दवेसर, बबीता नागर, मयूर पुरोहित, एडीएम एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, उप संचालक कृषि विजय चौरसिया, उप संचालक उद्यानिकी पीएस कनेल आदि मौजूद रहे। आगामी दिनों में अभियान के तहत स.कार कार्यालय परिसर, स्कूल, आंगनवाड़ी समेत अन्य खाली जगह पर पौधे लगाए जाएंगे। इसका डाटा हर दिन वायुदूत एप पर अपलोड किया जाएगा।

2-3-22

# डिस्पोजल को लेकर व्यापारियों को पर्याप्त समय देने के निर्देश

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर डिस्पोजल व्यापारी संघ का प्रतिनिधिमंडल विधायक चेतन्य काश्यप से मिला और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। विधायक ने नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर उन्हें व्यापारियों के साथ बैठक करने, शासन के नियमों व आदेश से अवगत कराने तथा व्यापारियों को भरोसे में लेकर पर्याप्त समय देने के निर्देश दिए। 2-3-22

डिस्पोजल व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय पारख ने बताया कि शासन द्वारा एक जुलाई 2022 से 100 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है, लेकिन नगर निगम अभी से शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन एक तरफ नमकीन क्लस्टर और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में व्यापारियों को प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन दूसरी तरफ निगम का अमला कार्रवाई कर रहा है। शहर में दुग्ध संघ द्वारा दूध व लस्सी का विक्रय भी डिस्पोजल में हो रहा है, लेकिन नगर निगम का अमला शहर के छोटे व्यवसायियों के यहां कार्रवाई कर रहा है। काश्यप ने व्यापारी संघ का पक्ष सुनने के बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा की और उन्हें निर्देशित किया। इस दौरान व्यापारी संघ के राहुल पोखरना, अर्पित अग्रवाल, विजय अग्रवाल, यशवंत राठौर, संदीप उपाध्याय, शेखर घोचा, त्रिलोक तिकवानी आदि उपस्थित रहे।

रतलाम। विश्व शांति के लिए हिम्मत कोठारी मित्र मंडल द्वारा दो मार्च को लिमड़ेश्वर महादेव मंदिर डालू मोदी बाजार में विश्व शांति यज्ञ रखा गया है। जानकारी महेंद्र कोठारी ने दी।

# 100 माइक्रोन से कम की पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाया तो कारोबार पर होगा असर, पैकिंग चार्ज से बढ़ेगी महंगाई

## रतलामी नमकीन, साड़ियां, रेडीमेड कपड़े, दूध, घी, तेल, चाय की पत्ती सहित रोजमर्रा की वस्तुएं 100 माइक्रोन से कम के पॉलीथिन में बिकती हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने शहर में 100 माइक्रोन से कम की पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। नगर निगम की टीम रोजाना दुकानों पर पहुंच कर छापेमार कार्रवाई कर पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त कर रही है। देशभर में फेमस रतलामी नमकीन, साड़ी, दूध, किराना सामग्री, रेडीमेड कपड़े, जूते सहित अन्य सामग्रियां 100 माइक्रोन से कम की थैलियों में बिक रही है। यदि ऐसा है तो इन सभी की बिक्री पर असर होगा और शहर का कारोबार ठप हो जाएगा।

### सरकारी को छूट, सिर्फ व्यापारियों पर ही कार्रवाई

शहर में सांची दूध की 10 हजार लीटर की सप्लाई है। यह 100 माइक्रोन से कम की थैलियों में बिक रहा है। निगम का ध्यान इस पर नहीं है। निगम को कार्रवाई के लिए व्यापारी ही नजर आ रहे हैं। नगर निगम की टीम व्यापारियों की दुकानों पर पहुंच पॉलीथिन जब्त कर रही है। कानून सभी के लिए एक समान रूप से लागू होना चाहिए।

**देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 150 से ज्यादा यूनिट चालू, 100 माइक्रोन से कम की बिक रही थैलियां :** हमारे यहां भले ही सख्ती की जा रही है और 100 माइक्रोन से कम की थैलियों का उपयोग करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई की जा रही है। लेकिन स्वच्छता में देश में नंबर वन आने वाले शहर इंदौर में 100 माइक्रोन से कम की थैलियां बिक रही है और प्रोडक्ट में इनका इस्तेमाल हो रहा है।

**व्यापारियों के पास पड़ा है लाखों रुपए का माल :** केंद्र सरकार ने एक जुलाई 2022 तक का समय दिया है। लेकिन हमारे यहां अभी से कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर में व्यापारियों के पास लाखों रुपए का माल पड़ा है। वहीं इस कारोबार से 500 से ज्यादा लोग जुड़े हैं। इससे सभी का कारोबार प्रभावित होगा।

### सामग्रियां इसलिए होंगी महंगी

100 माइक्रोन से ज्यादा की थैली तीन रुपए में आती है। इसमें एक किलो तक की सामग्री पैक की जा सकती है। अभी शकर 40 रुपए प्रतिकिलो है। इसमें पैकिंग की तो यह 43 रुपए में बिकेगी। नमकीन 200 से 240 रुपए प्रतिकिलो में बिक रहा है। 100 माइक्रोन से उपर की थैली का इस्तेमाल होगा तो 203 से 243 रुपए में बिकेगा। यही स्थित दूध सहित तमाम प्रोडक्ट में होगी और सभी में तीन रुपए प्रतिकिलो का इजाफा होगा।

### बिस्किट, कुरकुरे, शैंपू के पाउच मल्टी लेयर प्लास्टिक में बिक रहे हैं फिर भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं

शहर की दुकानों पर तो कार्रवाई की जा रही है। लेकिन कुरकुरे, शैंपू पाउच, बिस्किट तो मल्टी लेयर प्लास्टिक में बिक रहे हैं। लेकिन उस पर ध्यान नहीं है। जबकि ये प्लास्टिक तो पर्यावरण के लिए सबसे ज्यादा घातक है। लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हो रही है। क्योंकि बड़ी कंपनियां जो हैं।

### पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय नहीं होगा तो शहर में कहीं गंदगी दिखाई नहीं देगी

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्माता और विक्रेताओं की बैठक ली। बताया कि पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक एक बार उपयोग कर सड़क, नाले-नाली, सार्वजनिक स्थलों पर फेंक दिया जाता है। शहर में गंदगी होती है। मप्र प्रदूषण बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के तहत 100 माइक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण व विक्रय नहीं होगा तो शहर में कहीं भी गंदगी दिखाई नहीं देगी।

दैनिक भास्कर